# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

## सूचना

अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में दिनांक 14.08.2020 में की गई वीडियो कान्फ्रेसिंग बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयो को सूचित किया जाता है कि–

1. छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरते समय केवल आधार कार्ड एवं बैंक खाते में पंजीकृत मोबाईल का ही प्रयोग किया जाय ,उसी मोबाईल नम्बर पर ओ0टी0पी0 आएगा। यह भी उल्लेखनीय है कि आधार कार्ड तथा बैंक खाते में एक ही मोबाईल नम्बर पंजीकृत होना चाहिए।
2. संस्था में संचालित होने वाले समस्त कोर्स/पाठ्यक्रम, आंवटित सीट एवं कोर्स/पाठ्यक्रम की फीस इत्यादि के सम्बन्ध में मास्टर डाटा अपडेट करने की अन्तिम तिथि 31.08.2020 निर्धारित की गयी है।

उक्त का अवलोकन करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : 202/सि0वि0क0/सूचना/2020 दिनांक : 18/08/2020

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्यो सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी –सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती, बलरामपुर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
4. उपकुलसचिव छात्रवृत्ति।
5. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्पादक महोदय– अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के अंक में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रेषक,
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

सेवामे,
1. कुल सचिव/नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति)
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सिद्धार्थनगर।

पत्रांक C-369/स0क0/छात्रवृत्ति/वीडियो कांफ्रेन्सिंग/2020-21 दिनॉक 13/08/2020

विषय–वित्तीय वर्ष 2020-21 मे कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण शिक्षण संस्थानो मे आनलाइन पठन–पाठन एवं छात्रवृत्ति वितरण आदि पर वीडियों कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से चर्चा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–सी0–1101/स0क0/शिक्षा–अ/7/27/2020–21 दिनॉक 07 अगस्त, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा चालू वित्तीय वर्ष–2020–21 मे विश्वविद्यालय तथा उनसे सम्बद्व शिक्षण संस्थाओं एवं एफिलियेटिंग बाडी से सम्बद्व शिक्षण संस्थानो मे प्रवेशित एवं अध्यनरत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान की कार्यवाही हेतु आनलाइन आवेदन किये जाने के लिए दिनॉक 01 अगस्त 2020 से छात्रवृत्ति पोर्टल को खोला गया है।

उक्त के कम मे दिनांक 14.08.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे से 2.00 बजे के मध्य अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा संलग्न सूची में अंकित विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग बॉडी के रजिस्ट्रर/प्रतिनिधि एवं छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी से एन0आइ0सी0 योजना भवन से जनपदीय एन0आई0सी0 के मध्य विडियो कांफ्रेन्सिग के दौरान वर्तमान वर्ष मे छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में आने वाले समस्याओ व उन समस्याओ के निराकरण हेतु सुझाव पर विस्तृत चर्चा की जायगी। विडियो कांफ्रेन्सिग के दौरान आप सभी को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है।

विडियो कांफ्रेन्सिग के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओ पर चर्चा की जायेगी।

1–छात्र/छात्राओं के प्रवेश प्रकिया पर।
2–छात्र/छात्राओं के आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की प्रकिया।
3–छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्राओ के लिये आवश्यक न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत के सापेक्ष आनलाइन कक्षाये होने पर उपस्थिति निर्धारण की प्रकिया।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त वीडियों कान्फेन्सिग में 14.08.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे विकास भवन में स्थित एन0आई0सी0 कांफ्रेन्सिग रूम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

जिला समजि कल्याण अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित
1. जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर
3. जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

Scanned by TapScanner